# प्रेस नोट थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

### सराहनीय कार्य दिनांक 08.08.2026

**एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली व थाना तिलहर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करने वाले 02 तस्करों को कुल 36 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ (गांजा) सहित किया गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी तिलहर के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी/जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र/अफीम चरस बिक्री-निर्माण एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के दौरान थाना तिलहर पुलिस व एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 07.08.2026 को थाना तिलहर पुलिस टीम व एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली टीम थाना तिलहर क्षेत्र में शांति/कानून व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग तथा अवैध शराब/शस्त्र एवं मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर सरयू से आगे बन्द पडे सरसों तेल के गोदाम के सामने हाईवे के पास मौजूद है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर समय करीब 19.33 बजे 1. जगजीत सिंह पुत्र स्व0 रामअशीष सिंह 2. आयुष पुत्र जगजीत सिंह निवासीगण ग्राम तियरा हैदरपुर थाना नगरा जिला बलिया को 36 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। अभि0 जगजीत उपरोक्त की जामा तलाशी से एक अदद मोबाइल फोन (कीपैड), 970/- रूपये नकद व एक अदद आधार कार्ड बरामद हुआ। अभि0 आयुष उपरोक्त की जामा तलाशी से एक अदद स्मार्टफोन XIAOMI बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 - 421/2026 धारा 8/20 NDPS ACT बनाम 1. जगजीत सिंह 2. आयुष उपरोक्त पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-**

1. जगजीत सिंह पुत्र स्व0 रामअशीष सिंह उम्र लगभग 57 वर्ष नि0ग्रा0 तियरा हैदरपुर थाना नगरा जनपद बलिया।
2. आयुष पुत्र जगजीत सिंह उम्र लगभग 19 वर्ष नि0ग्रा0 तियरा हैदरपुर थाना नगरा जनपद बलिया।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण –**

मु0अ0सं0 - 421/26 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय:-**

दिनांक 07.08.2026 को समय 19.33 बजे, सरयू से आगे बन्द पडे सरसो तेल के गोदाम का सामने हाईवे के पास।

**बरामदगी का विवरण:**

1. 36 किलो अवैध मादक पदार्थ (गांजा)।
2. 02 अदद मोबाइल फोन।
3. एक आधार कार्ड
4. 970 रूपये

**पूछताछ विवरण:-**

अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर एक राय होकर बताया कि हम दोनों पिता पुत्र है तथा जिला बलिया के रहने वाले है। हम दोनों अवैध गांजा की तस्करी करते है। हम बलिया से गांजा लाकर शाहजहाँपुर के कस्बा तिलहर में ही एक व्यक्ति जिसका नाम पता नही जानते है, को गांजा सप्लाई करते है। वह व्यक्ति इसी जगह (सरसों तेल के बन्द पडे गोदाम के सामने) आकर गांजा की सप्लाई लेता है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण –**

प्रिंस शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
उ0नि0 हरकिशोर मौर्य थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
उ0नि0 अजयवीर सिंह एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली।
मु0आ0 रामजी लाल एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली।
मु0आ0 संदीप कुमार एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली।
मु0आ0 नितिन एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली।
मु0आ0 संजय यादव एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली।
आरक्षी रजत मलिक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।